राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने पांच दिवसीय राज्यस्तरीय जनजाति महोत्सव का किया शुभारंभ

समाज और देश हित के सेवा कार्यों में अग्रणी पहचान बनाएं — राज्यपाल

जयपुर/बांसवाड़ा, 20 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों तथा सेवा एवं संस्कार से जुड़े आयामों को सुदृढ़ बनाने के लिए सेवा तथा परोपकार की भावना से आगे आने का आह्वान किया है और कहा कि इस दिशा में स्काउट गाइड आन्दोलन के कार्य अनुकरणीय एवं प्रेरक हैं।

राज्यपाल ने बांसवाड़ा के निकट लोधा में शुक्रवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा एकलव्य छात्रावास में आयोजित पांचवें राज्यस्तरीय जनजाति महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। यह महोत्सव 23 सितम्बर तक चलेगा। राजस्थान राज्य भारत गाइड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय जनजाति महोत्सव का उद्घाटन राज्य के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में विधिवत किया गया।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने इस अवसर पर अपने प्रेरक उद्बोधन में स्काउट गाइड संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि समाज और देश के नवनिर्माण, सेवा और सौहार्द से लेकर समाज हित के कार्यों में हमेशा अग्रणी पहचान रखता है। राजस्थान में स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य गौरव की बात है।

राज्यपाल ने सभी उपस्थितजनों को पांचवे जनजाति महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि स्काउट गाइड संगठन के सेवा कार्य और समाज तथा देश के कामों के प्रति तत्परता से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास की दृष्टि से आत्मनिर्भरतापरक गतिविधियों पर जोर दिया और कहा कि इस दिशा में विशेष प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में उत्पादित शुद्ध उत्पादों के शहरी क्षेत्र में विपणन की दृष्टि से बेहतर अवसरों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। समाजोन्मुखी कार्यों से अधिकाधिक जुड़ाव और संस्कारों के माध्यम से ही तरक्की लायी जा सकती है। इसी से देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

उन्होंने कहा कि सभी का यही उद्देश्य है कि जनजाति उत्थान के लक्ष्य पूरें हों तथा विकास की मुख्य धारा से जुड़ें, इसके लिए मिलजुलकर समर्पित प्रयासों में जुटना होगा।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने बिरसा मुण्डा का स्मरण करते हुए आयोजन की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से अपनी बहुरंगी संस्कृति और परम्पराओं को देखने तथा जानने का अवसर मिलता है। परम्परागत गतिविधियों को जीवन्त स्वरूप प्रदान करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इससे राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्थान को गति प्राप्त होगी।

उन्होंने अनुशासन एवं सेवा के मामले में स्काउट गाइड आन्दोलन की सराहना करते हुए कहा कि देश के सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों के निर्वहन एवं आपदाओं के समय राहत व सेवा में संगठन सदैव अग्रणी रहा है। इससे सीखने और आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने भी सम्बोधित किया।

आरंभ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने महोत्सव की संक्षिप्त जानकारी देते हुए राजस्थान में स्काउट गाइड आन्दोलन के बारे में अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल, जनतजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री आदि अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

समारोह में महात्मा गांधी अग्रेजी विद्यालय खांदू कॉलोनी की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया वही छोटीसरवन की छात्राओं द्वारा स्थानीय संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य की मन मोहक झलक प्रस्तुत की। बारा जिले की स्काउट —गाईड दल द्वारा सहारिया नृत्य प्रसतुत किया स्काउट गाइड द्वारा आपदा प्रबंधन पर शानदार प्रस्तुति दी।

———

श्री हरिभाऊ बागडे ,
माननीय राज्यपाल महोदय , राजस्थान